वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल:corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई तारीख:- --

16.08.2023

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने विभिन्न पहलों के साथ भारत का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

- देश भर में 70 स्थानों पर 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' संबंधी प्रदर्शनियों का आयोजन

-हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी

- मेरी माटी मेरा देश अभियान के एक भाग के रूप में पंच प्रण संकल्प

मुंबई, 16 अगस्त, 2023: भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने देश भर में अनेक पहलों के साथ भारत का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री देबदत्त चांद ने बताया, "भारत का 77वां स्वतंत्रता दिवस मानते हुए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। बैंक देश के आर्थिक, सामाजिक और डिजिटल एजेंडा को सशक्त करने में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हमें भारत की रूपांतरण यात्रा पर अत्यधिक गर्व है और हम देश की प्रगति के लिए अपना योगदान देते रहने के लिए तत्पर हैं।"

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, बैंक ने मुंबई स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय सहित देश भर में अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया, जिसमें कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण और व्यापक भागीदारी देखने को मिली। इसके अलावा, बैंक और उसके कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से *हर घर तिरंगा* अभियान का समर्थन किया, जिसके तहत नागरिकों को देशभक्ति की भावना जगाने के लिए अपने घरों और कार्यालयों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, बैंक ने 14 अगस्त को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के रूप में पूरे भारत में 70 प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शनियों का आयोजन किया। ये प्रदर्शनियां भारत के विभाजन की कहानी के बारे में बताती है और विभाजन के दौरान नागरिकों द्वारा अनुभव की गई पीड़ा और दर्द को बयां

करती है। बैंक ने प्रदर्शनियों का उद्घाटन करने के लिए प्रमुख स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया।

'मेरी माटी मेरा देश' पहल के एक भाग के रूप में, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कर्मचारियों ने हृदय से राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा, समर्पण और सम्मान का प्रदर्शन करते हुए मुट्ठी भर मिट्टी के साथ पंच प्राण संकल्प लिया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 165 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com